दिन– शुक्रवार दिनांक– 11 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना हो रही है। पूजा को लेकर हर तरफ श्रद्धा और उल्लास का वातावरण है। मान्यताओं के अनुसार माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है। श्रद्धालु सुबह से ही देवी मंदिरों के साथ ही पूजा–पंडालों में पूजा–अर्चना कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में पूजा पंडालों को आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया है। पटना में पंडालों को तिरूपति मंदिर और पशुपति नाथ मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर की तर्ज पर सुसज्जित किया गया है। सीतामढ़ी जिले के पुनौरा में इसरो की मिसाईल, बेगूसराय के बखरी में केदारनाथ धाम और हाजीपुर के डाकबंगला चौराहे पर बद्रीनाथ मंदिर और सराय बाजार में वेल्लूरमठ की तर्ज पर बनाए गए पूजा पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। अन्य जिलों में भी देश–विदेश के एतिहासिक स्थलों और स्मारकों के आधार पर पूजा पंडाल निर्मित किये गये हैं। इन्हे देखने और माता के दर्शन के लिए राजधानी पटना समेत विभिन्न स्थानों पर देर रात तक लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

———————————————————————

दुर्गा पूजा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हमें उच्च आदर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से सांप्रदायिक और समाजिक सदभाव बनाए रखने की अपील की है। विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदेशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

दुर्गा पूजा के मद्देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेजों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव के मद्देनजर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजधानी पटना में प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर इन पूजा पंडालों के आस–पास बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जय प्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकनायक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देश और समाज के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण का व्यक्तित्व और आदर्श हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। इधर, राजधानी पटना के आयकर गोलम्बर में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में पिछले दिनों आई बाढ़ के कारण फसलों की हुई क्षति के लिए सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फसल क्षति की राशि दीपावली से पूर्व जारी करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग के आकलन के अनुसार प्रदेश में दो चरणों में आई बाढ़ से बत्तीस जिलों में कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। चार सौ नब्बे करोड़ रूपये की फसल क्षति का आकलन किया गया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।